राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने होली पूजन किया और लोगों के गुलाल लगाई

जयपुर, 11 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन में होली का पर्व सादगी और उल्लास से मनाया। राज्यपाल ने सोमवार को सायं राजभवन में होली पूजन किया और प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने मंगलवार को यहां राजभवन में उनसे मिलने आये लोगों को गुलाल लगाया, मिठाई खिलाई और होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने भी होली पर्व उल्लास पूर्वक मनाया।
——

**डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा**
**सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क) राज्यपाल**